## मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर

:: विज्ञप्ति ::

10689 13 OCT 2017

क्रमांक / / /2016/चयन इन्दौर, दिनांक .../10/2017

**मध्यप्रदेश खेल और युवा कल्याण सेवा परीक्षा–2017 के तहत विज्ञप्त पद हेतु साक्षात्कार आयोजन संबंधी आवश्यक सूचना**

आयोग के विज्ञापन कमांक 01/2017 दिनांक 07.02.2017 के अंतर्गत मध्यप्रदेश खेल और युवा कल्याण सेवा परीक्षा–2017 के तहत् कुल 25 पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। उक्त विज्ञापन अंतर्गत उपरोक्त पद हेतु ऑनलाईन परीक्षा दिनांक 30.04.2017 को आयोजित की गई थी। लिखित परीक्षा का परिणाम दिनांक 08.06.2017 एवं अतिरिक्त परीक्षा परिणाम दिनांक 10.10.2017 को घोषित किया गया है।

2/ मध्यप्रदेश खेल और युवा कल्याण सेवा (खेल और युवा कल्याण, मध्यप्रदेश शासन) पद के साक्षात्कार दिनांक 28.10.2017 को आयोजित किए जाना है।

3/ योग्य आवेदकों को साक्षात्कार पत्र ऑनलाईन आवेदन पत्र में अंकित ई–मेल एड्रेस पर दिनांक 12.10.2017 से प्रेषित किए जा रहे है। आवेदकों की सुविधा की दृष्टि से साक्षात्कार पत्र आयोग की बेवसाईट www.mppsc.nic.in, www.mppsc.com & www.mppscdemo.in पर भी दिनांक 16.10.2017 से उपलब्ध है। आवेदक अपना रोल नम्बर एवं जन्मतिथि की प्रविष्टि कर साक्षात्कार की प्रति प्राप्त कर सकते है। साक्षात्कार दिवस को प्रातः 10.00 बजे आयोग कार्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य है।

4/ साक्षात्कार दिवस पूर्व आयोग की बेवसाईट से व्यक्तिगत विवरण पत्रक, अनुप्रमाणन फार्म एवं उपस्थिति पत्रक की प्रति डाउनलोड करके उसकी आवश्यक पूर्ति कर साक्षात्कार दिवस को प्रस्तुत करना अनिवार्य है, व्यक्तिगत विवरण पत्रक 01 मूल प्रति एवं उसकी 05 छायाप्रतियां, अनुप्रमाणन फार्म 03 मूल प्रति में एवं उपस्थिति पत्रक 01 मूल प्रति में उसकी आवश्यक पूर्ति करें। साथ ही समस्त मूल अभिलेखों के साथ उनकी एक–एक प्रमाणित प्रतियां भी साथ लाना अनिवार्य है। पहचान प्रमाण पत्र हेतु आधारकार्ड की मूल प्रति एवं उसकी छायाप्रति प्रस्तुत करें। उक्त वांछित अभिलेखों के अभाव में आवेदक को साक्षात्कार की प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं किया जावेगा।

उप–परीक्षा नियंत्रक
म0प्र0 लोक सेवा आयोग, इन्दौर